# 'महिलाएं सखी कार्यक्रम से जुड़ स्वयं व देश को आत्मनिर्भर बनाने में भूमिका निभाएं'

- हिंदुस्तान जिंक जावर माइंस द्वारा सखी उत्सव का आयोजन, तीन हजार से अधिक सखियों ने की भागीदारी

**उदयपुर,** (कासं)। महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए जावर के ग्रामीण क्षेत्र में हिन्दुस्तान जिंक द्वारा की जा रही पहल सराहनीय है, यह बात उदयपुर सासंद मन्नालाल रावत ने हिन्दुस्तान जिंक, मंजरी फाउण्डेशन और सखी शक्ति समिति जावर द्वारा जावर स्टेडियम में आयोजित सखी उत्सव में कही।

उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान जिंक केवल एक खनन कार्य करने वाला संस्थान नही, रोजगार का प्रमुख स्त्रोत है। सखी शब्द ही अपने आप मे सशक्त है। केवल जावर ही नही महिलाओं की वजह से देश सशक्त है। उन्होंने महिलाओं से आव्हान किया वें आय बढ़ाने के लिए कार्य करें। सखी परियोजना से आसपास नारी शक्ति की ताकत बढ़ी है जिससे महिलाओं के सशक्त हुई है यदि महिलाएं आत्मनिर्भर है तो समाज और राष्ट्र मजबूत होगा।

इस अवसर पर वेदांता की हेड सीएसआर अनुपम निधि, पुलिस उपअधीक्षक चांदमल, थानाधिकारी हिम्मत बुनकर, जावर सरपंच प्रकाश मीणा, टिडी सरपंच बंशीलाल मीणा, नेवातलाई से किशन मीणा, सिंघटवाडा सरपंच गौतम मीणा, अमरपुरा से लक्ष्मण मीणा, जावला सरपंच रमेश मीणा जावर मांइस के सौरभ मिश्रा, अमित मालानी, लेडिज क्लब की अध्यक्ष प्रियंका खण्डेलवाल, रश्मि सिंह, मजदूर संघ के सचिव लालूराम मीणा, पुनित बोर्दिया, पद्मलोचन, गजानंद गुप्ता, हितेन्द्र भुप्तावत, सीएसआर हेड विवेक सिंह, भारत सिंह, आस पास के क्षेत्र के विद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित थे।

पुलिस महानिरीक्षक गौरव श्रीवास्तव एक महिला को सशक्त किया जाता है तो पूरा परिवार सशक्त होता है, समाज में महिलाओं को सशक्त होना बहुत आवश्यक है,हिन्दुस्तान जिंक के सखी पहल के माध्यम से जो अवसर प्रदान किया गया है उसका बेहतरिन परिणाम इस उत्सव के रूप में सामने है। उन्होंने कहा कि महिलाएं अब वर्तमान में अपने पूर्ण सामर्थ्य और कौशल से आगे बढ़ रही है, घर को चलाने , आय और पालन पोषण में पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिला कर सहयोग कर रही है तो सशक्तिकरण की मिसाल है।

कार्यक्रम में जावर माइंस आईबीयू अंशुल खण्डेलवाल ने कहा कि, हमारे समुदायों में, महिलाएं अपार शक्ति हैं जो कि जो परिवार, कार्यक्षेत्र के बीच सामन्जस्य रखती है। हम अपने सखी समुदाय की प्रत्येक महिला को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सखी, शिक्षा संबल, समाधान और जिंक कौशल जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से, हम सभी के लिए एक मजबूत, अधिक समृद्ध भविष्य बनाने के लिए मिलकर कार्य कर रहे हैं, मुझे विश्वास है कि हम साथ मिलकर एक उल्लेखनीय बदलाव ला सकते हैं। जिंक द्वारा संचालित सखी प्रोजेक्ट की जानकारी देते हुए बताया कि महिला सशक्तिकरण हेतु कंपनी हमेशा के लिए कटिबद्ध है। उन्होनें कहा कि वेदांता समूह और हिन्दुस्तान जिंक में महिलाएं उच्च पदों पर कार्य कर रही है एवं माइंस के प्रबंधन में भी लगातार कंधे से कंधा मिला कर कार्य कर रही है।

सुबह से आयोजित सखी उत्सव में रस्सा कस्सी,कबड्डी, बोरा रेस एवं चेयर रेस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें महिलाओं हिस्सा लिया। फिर भजन कीर्तन और राजस्थानी गानो पर नृत्य, महिलाओं का उत्साह देखते ही बनता था। कार्यक्रम का आयोजन सीएसआर के तहत किया गया। अतिथियों ने खेल प्रतियोगिता प्रतिभागियों और विजेता महिलाओं को पुरस्कृत किया गया। सखी उत्सव में सखी शक्ति समिति, सखी फेडरेशन की अध्यक्ष रूकमणी मीणा ने परियोजना की वर्ष भर की गतिविधियों की जानकारी दी।

## बैठक आयोजित

**उदयपुर,** (कासं)। महिला अधिकारिता विभाग के तत्वावधान में 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ', वन स्टॉप सेंटर एवं जिला महिला सहायता समिति की जिला स्तरीय टास्क फोर्स बैठक का आयोजन जिला कलेक्टर के निर्देशन में अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर जितेंद्र ओझा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट मिनी सभागार में हुआ। बैठक के दौरान 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं' अभियान के अंतर्गत बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने, लिंगानुपात सुधारने एवं बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं की रोकथाम को लेकर चर्चा की गई उपनिदेशक महिला अधिकारिता संजय जोशी ने विभागीय योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि जिले में संचालित वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से पीड़ित महिलाओं को एक ही छत के नीचे परामर्श, चिकित्सा सहायता एवं अस्थायी आश्रय जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

## गांधी ग्राउंड में संभाग स्तरीय अमृता हाट आज से

**उदयपुर,** (कासं)। जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग द्वारा गाँधी ग्राउंड में सात दिवसीय अमृता हाट का शुभारंभ बुधवार को होगा। महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक संजय जोशी ने बताया कि आयोजन से संबंधित सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। यह भव्य मेला गांधी ग्राउंड में बुधवार से 24 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा।

मेले का उद्घाटन बुधवार अपराह्न 3.30 बजे जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, महिला स्वयं सहायता समूहों की सदस्याएं तथा आमजन की उपस्थिति मेंकिया जाएगा। मेले में उदयपुर शहर के साथ साथ जिले के ग्रामीण क्षेत्रों एवं आसपास के अन्य जिलों से भी महिला स्वयं सहायता समूह भाग ले रहे हैं। बाहर से आने वाले समूह अपने विशेष हस्तशिल्प पारंपरिक उत्पाद, हथकरघा वस्तुएं, हस्तनिर्मित आभूषण, सजावटी सामग्री, जैविक उत्पाद, मसाले, पापड़, बड़ी, अचार और विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों के स्टॉल लगाएंगे।

इस अवसर पर उपनिदेशक ने बताया कि अमृता हाट मेला महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनके उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे महिलाओं को सीधे उपभोक्ताओं से जुड़ने का अवसर मिलेगा, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी।

## गीतांजली विवि में 'स्पोर्ट्स सिनैप्स 2026' का शुभारंभ

**उदयपुर,** (कासं)। गीतांजली विश्वविद्यालय में अंतर-संस्थागत खेल प्रतियोगिता 'स्पोर्ट्स सिनैप्स 2026' का शुभारंभ किया गया। यह आयोजन विद्यार्थियों में शारीरिक दक्षता, टीम भावना एवं समग्र विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रतिस्पर्धात्मक खेलों के माध्यम से आयोजित किया जा रहा है।

कार्यक्रम अध्यक्षता माननीय कुलपति डॉ. राकेश कुमार व्यास ने की। समारोह में डॉ. संगीता गुप्ता (डीन, गीतांजली मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल), डॉ. अरविंद यादव (डीन, स्नातकोत्तर अध्ययन), डॉ. विजयम्मा अजमेरा (डीन, गीतांजली कॉलेज ऑफ नर्सिंग), डॉ. एम. बालाजी (प्राचार्य, गीतांजली डेंटल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट), डॉ. पल्लव भटनागर (प्राचार्य, गीतांजली कॉलेज ऑफ फिजियोथेरेपी), भूपेंद्र जैन (संयुक्त कुलसचिव), डॉ. आलोक रावत (प्राचार्य, गीतांजली कॉलेज ऑफ नर्सिंग) एवं डॉ. दिनेश शर्मा (प्राचार्य, गीतांजली स्कूल ऑफ नर्सिंग) सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

कुलपति डॉ. व्यास ने शिक्षा में खेलों की महत्ता पर बल देते हुए कहा कि खेल एवं क्रीडाएं अकादमिक शिक्षा के समान ही महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि वे विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, धैर्य, टीम भावना और समग्र स्वास्थ्य का विकास करती हैं। उद्घाटन समारोह का संयोजन डॉ. सौरव सिंह, स्पोर्ट्स ऑफिसर आलोक तिवारी तथा डॉ. विचित्रा विभूति द्वारा किया गया।

## रॉकवुड ब्लेजिंग स्ट्राइकर क्रिकेट कप ट्रॉफी का अनावरण

- 21 से 28 फरवरी तक होगा टूर्नामेंट, विजेता को मिलेंगे दस लाख
- प्रत्येक टीम में तीन आईपीएल व पांच रणजी खिलाड़ी खेलेंगे

**उदयपुर,** (कासं)। डी-कोड व जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में आयोजित रॉकवुड ब्लेजिंग स्ट्राइकर क्रिकेट कप ट्रॉफी का अनावरण सोमवार शाम को शिकारवाडी मैदान पर मुख्य अतिथि पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया द्वारा किया गया। आयोजन सचिव विवेक घई व सुनील लड्ढा ने गुलाबचंद कटारिया का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। इसके पश्चात जिला क्रिकेट संघ के पदाधिकारी हर्ष जैन, मुकेश कुमावत, रजनीश शर्मा, रणजी खिलाडी मुस्तन अमर ने अतिथियों का स्वागत किया।

आयोजन सचिव विवेक घई ने बताया कि यह टूर्नामेंट 21 से 28 फरवरी तक शिकारवाडी ग्राउंड पर टी-20 फॉर्मेट में खेला जाएगा। मुकाबले डे/नाइट के होंगे। टूर्नामेंट में अंतरराष्ट्रीय, आईपीएल और राज्य स्तरीय खिलाडी भाग लेंगे। टूर्नमेंट में 8 टीमें भाग लेगी और प्रत्येक टीम में 3 आईपीएल खिलाडी और 5 रणजी ट्रॉफी खिलाडी होंगे। टूर्नमेंट में खिलाड़ियों को रंगीन ड्रेस (किट) दिए जाएंगे। विजेता टीम को दस लाख व उपविजेता टीम को पांच लाख की पुरस्कार राशि दी जाएगी।

रॉकवुड डायरेक्टर दीपक शर्मा, उद्योगपति यूबी श्रीवास्तव कार्यक्रम के अतिथि थे। जिला संघ के डिप्टी प्रेसिडेंट मनोज भटनागर, सचिव मनोज चौधरी, कोषाध्यक्ष महेंद्र शर्मा ने अतिथियों को मोमेंटो भैट किए। समारोह में पूर्व खिलाडी किशन चौधरी, तारीक खान , आरिफ भी मोजूद थे

## सोनल सिंघवी बनी फागोत्सव क्वीन

**उदयपुर,** (कासं)। सामाजिक संस्था श्री महावीर युवा मंच संस्थान महिला प्रकोष्ठ की ओर से संस्थान संरक्षक राजकुमार फत्तावत के निर्देशन में फतहसागर झील के मध्य नेहरू गार्डन में फागोत्सव 2026 का रंगारंग आयोजन हुआ। जिसमें सोनल सिंघवी फागोत्सव क्वीन बनी।

कार्यक्रम संयोजिका सरोज चित्तौडा व स्नेहा सिरोया ने बताया कि महिला प्रकोष्ठ की सदस्याएं फतहसागर झील में नोकायन यात्रा निकालते हुए सत्य, अंहिसा व अपरिग्रह संदेश दिया। साथ ही स्वस्थ्य उदयपुर, स्वच्छ उदयपुर रखने का भी संकल्प लिया।महिलाओं ने झील के मध्य स्थित नेहरू गार्डन में फागोत्सव की थीम पर कई रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का शुभारम्भ नमस्कार महामंत्र के सामूहिक मंगलाचरण से हुआ। कार्यक्रम में 'फेग-स्वेग परिचय, फाल्गुन श्रृंगार धमाका, फाग स्पेशल हाउजी तथा भिन्न-भिन्न समूह बनकार 'टीम वर्क का तुफान' जैसे आयोजनों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। विंकल मोगरा व भारती करणपुरिया ने बताया कि आयोजन में संस्थान के नवागंतुक सदस्य दीपा इन्टोदिया, दीपाली जैन, जिनल कोठारी, योगिनी दक, सोनिया जैन का मेवाडी परम्परा से संस्थान अध्यक्षा ऋतु मारू व महामंत्री प्रिया झगडावत द्वारा सम्मानित किया गया। विजेता प्रतिभागी सोनल सिंघवी फागोत्सव क्वीन, चुडी कंगना प्रतियोगिता में शशि सिरोया प्रथम, दीपाली जैन द्वितीय स्थान पर रही।

## बैठक आयोजित

**कपासन,** (निसं)। कपासन के शनिमहाराज आली में जांगिड़ ब्राह्मण (सुथार) समाज शनिमहाराज चौखला की बैठक आयोजित की गई। मंगलवार (अमावस्या) को समाज की सराय में हुई इस बैठक में समाज सुधार और उत्थान को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, जिन्हें तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

बैठक अध्यक्ष रतन लाल सुथार रामथली की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें चौखला पंचों, प्रतिनिधियों और प्रबुद्धजनों ने भाग लिया। सभी की सर्वसम्मति से समाजहित में कई नियम बनाए गए बैठक का जिनका मुख्य उद्देश्य सामाजिक रस्मों को सादगीपूर्ण बनाना और फिजूलखर्ची पर रोक लगाना है।

अपनी बैंकिंग सुरक्षित रखिए
हमारे कस्टमर केयर नंबर
1800 1080
पर संपर्क करें
अपडेटेड फोन नंबर्स के लिए
हमेशा हमारी वेबसाइट देखें
www.icici.bank.in
ICICI Bank

## करंट से किसान की मौत

**उदयपुर,** (कासं)। खेत पर पानी पिलाते समय करंट लगने से झुलसे किसान की मौत हो गई।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार सायं टीडी थाना क्षैत्रचणावदा कालीघाटी निवासी डालसिंह उर्फ डालचंद मीणा (25) पुत्र लच्छू मीणा खेत पर पानी पिला रहा था। इस दौरान करंट लगने पर वह झुलस गया। इसको देख परिजनों ने उसे हटा कर परसाद चिकित्सालय पहुंचाया। रेफर करने पर एमबी चिकित्सालय ले गए जहां उसकी मौत हो गई। हेडकांस्टेबल प्रतापसिंह ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा।

## दो शराब तस्कर गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। खेरवाड़ा थाना पुलिस ने चार माह से फरार वांछित दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया।

जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल,पुलिस उपाधीक्षक राजीव राहर के सुपरविजन में खेरवाड़ा थाना अधिकारी करनाराम के नेतृत्व में एएसआई राजेश मेहता मय टीम ने शराब तस्करी के मामले में दर्ज प्रकरण संख्या 281/2025 में चार माह से वांछित सोमेश्वर उर्फ सोमा पुत्र प्रतापजी उर्फ परथा निवासी सरेरा माली फला पहाड़ा, रोड़सिंह पुत्र जवानसिंह निवासी परेड़ा फला हारनिया खेरवाड़ा को गिरफ्तार कर वारदात में प्रयुक्त बाइक जब्त की।

प्रकरण के अनुसार चार माह पूर्व डीएसटी पुलिस कार्यवाही को देख शराब तस्कर पुलिस वाहन को टक्कर मार कर फरार हो गए थे।

## जिला स्तरीय कृषि व उद्यानिकी समितियों की बैठक सम्पन्न

**राजसमंद,** (निसं)। जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला स्तरीय कृषि समिति, जिला उद्यानिकी विकास समिति, आत्मा शासी परिषद, जिला स्तरीय निगरानी समिति फ सल बीमा, जिला स्तरीय उर्वरक नियंत्रण समिति, जिला स्तरीय तिलहन मिशन तथा जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति तिलहन की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक की शुरुआत संयुक्त निदेशक कृषि भूपेन्द्र सिंह राठौड द्वारा स्वागत उद्बोधन से की गई। उन्होंने पीपीटी के माध्यम से कृषि, उद्यानिकी एवं आत्मा अंतर्गत गठित विभिन्न समितियों एवं उनके कार्यों की जानकारी प्रस्तुत की। डीबीटी योजनाओं की समीक्षा में बताया गया कि सिंचाई पाइपलाइन, कृषि यंत्र, फ ार्म पौंड, तारबंदी, गोवर्धन जैविक उर्वरक एवं कृषि संकाय में अध्ययनरत छात्राओं को प्रोत्साहन राशि जैसी योजनाओं में प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृतियां जारी की गई हैं। जिला कलक्टर ने निर्देशित किया कि अधिक से अधिक कृषकों के आवेदन प्राप्त कर लक्ष्यों के अनुरूप स्वीकृतियां जारी की जाएं।

राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के अंतर्गत भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्यों की जानकारी प्रस्तुत की गई। जिला कलक्टर ने कृषि सखी एवं सीआरपी के प्रशिक्षण कार्यक्रम कृषि विज्ञान केन्द्र एवं कृषि विभाग के समन्वय से शीघ्र आयोजित कर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। परम्परागत कृषि विकास योजना तथा वर्षा आधारित नेशनल मिशन ऑफ सस्टेनेबल एग्रीकल्चर की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि योजनाओं के शत.प्रतिशत लक्ष्य समयबद्ध पूर्ण किए जाएं। जिला कलक्टर ने निरीक्षकों को निर्देशित किया कि संघन निरीक्षण कर यूरिया डायवर्जन एवं जमाखोरी की शिकायतों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द (राज.)
Email: np_ntd@yahoo.in Phone:- 02953-233526
क्रमांक /न.पा.नाथ/नामा./2026/17723 दिनांक : 9.2.2026

-: आपत्ती सूचना :-

एतर्थ द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर भूखण्डों का नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो 7 दिवस (कार्य दिवस) में नगरपालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी :-

| क्र. सं. | आवेदक का नाम व पता | आवेदित सम्पत्ति कापता | पड़ौस का विवरण | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण |
| 1. | श्री गिरधारी लाल पिता श्री किशनलाल शर्मा निवासी-नाथद्वारा | भूखण्ड संख्या-82 क्षैत्रफल- 980 वर्गफिट गोविन्द नगर, तेलियों का तालाब, नाथद्वारा | आम रास्ता | भूखण्ड संख्या-93 | भूखण्ड संख्या-83 | भूखण्ड संख्या-81 |

आयुक्त, नगरपालिका नाथद्वारा

कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द (राज.)
Email: np_ntd@yahoo.in Phone:- 02953-233526
क्रमांक /न.पा.नाथ./उप.एकी./2026/17714 दिनांक : 9.2.2026

-: आपत्ती सूचना :-

एतर्थ द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुद्वा के आधार पर भूखण्डों का उपविभाजन/एकीकरण का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर उपविभाजन/एकीकरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया हैं। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो 7 दिवस (कार्य दिवस) में नगरपालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी:-

| क्र. सं. | आवेदक का नाम व पता | आवेदित सम्पत्ति कापता | पड़ौस का विवरण | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण |
| 1. | श्री दिपक शर्मा श्री कृष्ण गोपाल शर्मा निवासी-नाथद्वारा | भूखण्ड संख्या- 1 ई क्षैत्रफल-865.89 वर्गफिट, गोकुल धाम सोसायटी के सामने बिच्छु मंगरी, नाथद्वारा | अन्य कृषि भूमि | 60 फिट रोड | भूखण्ड संख्या-1 ई का भाग | भूखण्ड संख्या-1 ई का भाग |
| 2. | श्रीमती अनिता काबरा एवं श्री कपिल डागलिया निवासी-नाथद्वारा | भूखण्ड संख्या-08 ए क्षैत्रफल- 3000 वर्गफिट, नाथुवास, नाथद्वारा | भूखण्ड संख्या-9 व 10 | अन्य भूमि | अन्य भूमि | 60 फिट रोड |

आयुक्त, नगरपालिका नाथद्वारा

## पंचायती राज चुनाव में जीत का लिया संकल्प

**बांसवाड़ा,** (निसं)। भाजपा विधानसभा क्षेत्र गढ़ी के सातो मंडलों की कोर कमेटी के सदस्यों की बैठक पंचायत समिति हॉल गढी में हुई। भाजपा जिलाध्यक्ष पुंजीलालजी गायरी, जिले के प्रभारी कमलेश पुरोहित व विधानसभा क्षेत्र प्रभारी मनोहर त्रिवेदी के सानिध्य में बैठक में पंचायती राज चुनाव पर चर्चा की गयी।

जिलाध्यक्ष गायरी ने कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोक कल्याणकारी एवं मुख्यमंत्री की जनहित योजनाओ व गढी विधायक कैलाश मीणा द्वारा किए गए विकास कार्यों से जनता को अवगत कराते हुए संगठित होकर पंचायती राज चुनाव में पंचायत समिति एवं जिला परिषद चुनाव में भाजपा का परचम् लहराने का आ ान किया। मुख्य अतिथि संगठन प्रभारी कमलेश पुरोहित ने कहा कि कार्यकर्ता संगठित होकर ताकत के साथ चुनाव में जुट जाएं तो निश्चित रूप से पंचायती राज चुनाव में विजय होंगे। विधानसभा चुनाव प्रभारी मनोहर त्रिवेदी ने कहा कि विधानसभा चुनाव की तरह इस बार भी भाजपा गढ़ी में निश्चित रूप से विजय होगी। विधानसभा प्रवासी लालू राम दांगी ने भी विचार व्यक्त किए।

## मानदेय बकाया होने के विरोध में प्रदर्शन किया

**डूंगरपुर,** (निसं)। जिले में सरकारी स्कूलों में कार्यरत व्यावसायिक शिक्षकों ने 14 माह का मानदेय बकाया होने के विरोध में कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द बकाया मानदेय भुगतान की मांग की है।

जिले के विभिन्न सरकारी स्कूलों में कुल 28० व्यावसायिक शिक्षक कार्यरत हैं। ये शिक्षक प्लेसमेंट कंपनियों के माध्यम से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन्हें पिछले 14 महीनों से मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है, जिसके कारण उनकी आर्थिक स्थिति गंभीर हो गई है। लंबे समय से वेतन न मिलने के कारण इन शिक्षकों के सामने रोजी-रोटी का संकट खडा हो गया है। कई शिक्षक गंभीर आर्थिक तंगी और मानसिक तनाव का सामना कर रहे हैंए जिससे उनके परिवारों का भरण-पोषण करना भी मुश्किल हो गया है। शिक्षकों ने बताया कि उन्होंने बकाया मानदेय के लिए कई बार संबंधित कंपनियों और विभाग के अधिकारियों से संपर्क किया। हालांकि,हर बार उन्हें केवल खोखले आश्वासन ही मिले और उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ। प्रदर्शन के बाद,व्यावसायिक शिक्षकों ने जिला कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में अपनी मांगों को दोहराया। उन्होंने सरकार से तत्काल हस्तक्षेप कर उनके बकाया मानदेय का भुगतान सुनिश्चित करने की अपील की है,ताकि उन्हें आर्थिक संकट से राहत मिल सके।

